राज कुमार अरोड़ा, भा.र.ले.से.
रक्षा लेखा महानियंत्रक
R. K. Arora, IDAS
CGDA

रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय
उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी - 110010
Controller General of Defence Accounts
Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt-110010
दूरभाष/Tel: 011-20893002, 25674782

सत्यमेव जयते

# हिंदी पखवाड़ा 2025

## रक्षा लेखा महानियंत्रक का संदेश

हिंदी पखवाड़े के शुभारंभ पर समस्त रक्षा लेखा विभाग को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ!

भाषा हमारी पहचान का, हमारे संस्कारों का अभिन्न अंग है। यह पखवाड़ा हमारे भाषाई संस्कारों को सींचने का, उन्हें सहेजने का उत्सव है। यह संकल्प-काल है अपनी विरासत को समृद्ध करने का, उस पर गर्व करने का।

देश के हर कोने में स्थित हमारे कार्यालयों में पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मेरा आप सबसे अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक हिस्सा लें और राजभाषा के प्रति अपने अनुराग को अभिव्यक्ति दें।

हिंदी हम सबकी, जन-जन की भाषा है। इसकी आभा को और ज्योतिर्मय बनाना, इसका प्रयोग बढ़ाना हम सब का पुनीत कर्तव्य है। हिंदी की बढ़ोत्तरी में रक्षा लेखा विभाग के प्रत्येक सदस्य का योगदान महत्वपूर्ण है। आइए, हम सब यह प्रण लें कि रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हम केवल पखवाड़े के दौरान ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष हर संभव प्रयास करेंगे।

जय हिंद!

(राज कुमार अरोड़ा)